# Multi Tasking Non Technical Staff and Havaldar CBIC and CBN Examination 2024

| | |
|---|---|
| Exam Date | 21/10/2024 |
| Exam Time | 4:00 PM - 5:30 PM |
| Subject | MTS Non Tech Havaldar CBIC and CBN Examination 2024 |

Section : **Numerical and Mathematical Ability**

**Q.1** एक कक्षा में 40 विद्यार्थियों की औसत आयु 12 वर्ष है। कक्षा में 20 नए प्रवेश के कारण विद्यार्थियों की औसत आयु में 4 महीने की वृद्धि होती है। नए प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की औसत आयु ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 14 वर्ष B). 14 वर्ष 6 महीने C). 13 वर्ष 4 महीने D). 13 वर्ष

**Correct Answer: D**

**Q.2** 4 वर्षों के लिए 3% वार्षिक की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹2500 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 260 B). 340 C). 300 D). 240

**Correct Answer: C**

**Q.3** मारिया ने ₹3,000 में एक पोशाक खरीदी। वह 35% की छूट और 20%, 10% और 5% की तीन क्रमिक छूटों के बीच निर्णय नहीं ले सकी। दोनों छूटों के बीच कितना अंतर (₹ में) है?

**Ans** A). 20 B). 68 C). 0 D). 102


**Correct Answer: D**

**Q.4** शिखा ने वंश को 5% हानि पर एक बुकशेल्फ़ बेची, वंश ने स्वर्णिमा को 10% लाभ पर वही बुकशेल्फ़ बेची, और स्वर्णिमा ने निखिल को 20% हानि पर वही बुकशेल्फ़ बेचीं। यदि निखिल ने बुकशेल्फ़ ₹16,720 में खरीदी, तो शिखा के लिए बुकशेल्फ़ का क्रय मूल्य (₹ में) कितना था?

**Ans** A). 18,000 B). 20,000 C). 19,500 D). 21,500

**Correct Answer: B**

**Q.5** निम्नलिखित बार-ग्राफ वर्ष 2014, 2015 और 2016 में एक राज्य में उत्पादित अनाज की मात्रा को दर्शाता है। दिए गए बार-ग्राफ का अध्ययन करें और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दें।




संदर्भ: Quantity in kg - मात्रा kg में, Wheat - गेहूँ, Rice - चावल, Jowar - ज्वार, Bajra - बाजरा

वर्ष 2014 में गेहूँ उत्पादन के प्रतिशत और वर्ष 2016 में गेहूँ उत्पादन के प्रतिशत में कितना अंतर है? (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित)

**Ans** A). 1.92% B). 2.35% C). 3.45% D). 4.23%

**Correct Answer: B**

**Q.6** दिव्यांश ने अपनी पूँजी का क्रमशः $\frac{1}{4}$ हिस्सा 10% पर, $\frac{1}{5}$ हिस्सा 20% पर और शेष 30% वार्षिक साधारण ब्याज पर निवेश किया। यदि उसकी वार्षिक आय ₹3,220 है, तो पूँजी (₹ में) ज्ञात करें।

**Ans** A). 13,500 B). 17,000 C). 15,300 D). 14,000

**Correct Answer: D**

**Q.7** गीता अपने घर से 270 km दूर अपने गृहनगर गई। उसने अपनी यात्रा 10:00 a.m. पर शुरू की और 02:00 p.m. पर वह अपने गंतव्य स्थान पर पहुंच गई, जिसमें 20 km की यात्रा उसने 60 km/h की चाल से कैब से और 240 km की यात्रा 80 km/h की चाल से ट्रेन से तय की। अपने गंतव्य स्थान तक की शेष दूरी उसने ऑटो से तय की। ऑटो की चाल ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 18 km/h B). 15 km/h C). 20 km/h D). 4 km/h

**Correct Answer: B**

**Q.8** 3 वर्षों के लिए 3% वार्षिक की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹3000 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 270 B). 230 C). 310 D). 210

**Correct Answer: A**

**Q.9** किसी वस्तु पर 12% और 18% की दो क्रमिक मूल्य वृद्धि के लिए एकल समतुल्य मूल्य वृद्धि कितनी है?

**Ans** A). 30% B). 32.16% C). 15% D). 30.24%

**Correct Answer: B**

**Q.10** अक्षय 12 m त्रिज्या और 35 m ऊँचाई वाला एक शंक्वाकार तम्बू बनाने के लिए 6 m चौड़ा कपड़ा खरीदना चाहता है। उसे कितने मीटर कपड़ा खरीदना होगा?

$\pi = \frac{22}{7}$ लें

ध्यान दें: दशमलव को निकटतम पूर्ण संख्या में पूर्णांकित करें।

**Ans** A). 233 B). 234 C). 239 D). 231

**Correct Answer: A**

**Q.11** 3 वर्ष पहले एक पति-पत्नी और उनके बच्चे की औसत आयु 27 वर्ष थी, और 5 वर्ष पहले पत्नी और बच्चे की औसत आयु 20 वर्ष थी। पति की वर्तमान आयु कितनी है?

**Ans** A). 35 वर्ष B). 50 वर्ष C). 45 वर्ष D). 40 वर्ष

**Correct Answer: D**

**Q.12** एक आयत की लंबाई और चौड़ाई का योग 68 m है और लंबाई और चौड़ाई का अनुपात 11:23 है। आयत का क्षेत्रफल ($m^2$ में) कितना है?

**Ans** A). 1331 B). 253 C). 976 D). 1012

**Correct Answer: D**

**Q.13** 14 cm ऊंचाई वाले एक बेलनाकार बर्तन की बाह्य और आंतरिक त्रिज्याएँ क्रमशः 14 cm और 10 cm हैं। इसे 7 cm ऊंचाई और क्रमशः 7 cm और 5 cm बाह्य और आंतरिक त्रिज्या वाले एक छोटे बेलनाकार बर्तन का उपयोग करके पानी डालकर भरना है। छोटे बेलनाकार बर्तन से 6 बार पानी डालने के बाद बड़े बर्तन की रिक्त (बिना भरी हुई) ऊंचाई कितनी होगी? ($\pi=\frac{22}{7}$ का उपयोग करें)

**Ans** A). 2.9 cm B). 3.8 cm C). 2.2 cm D). 3.5 cm

**Correct Answer: D**

**Q.14** रोहित ने एक जैकेट को ₹7,930 में बेचकर 22% का लाभ कमाया। जैकेट का क्रय मूल्य (लागत मूल्य) ज्ञात करें।

**Ans** A). ₹6,000 B). ₹7,500 C). ₹6,500 D). ₹7,000

**Correct Answer: C**

**Q.15** बेहतर गुणवत्ता वाले 15 किलोग्राम गेहूं को खराब गुणवत्ता वाले 5 किलोग्राम गेहूं के साथ मिलाया जाता है। बेहतर गुणवत्ता और खराब गुणवत्ता वाले गेहूं का मूल्य क्रमशः ₹80 और ₹60 है। मिश्रण का प्रति किलोग्राम औसत मूल्य ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). ₹70 B). ₹150 C). ₹65 D). ₹75

**Correct Answer: D**

**Q.16** निम्नलिखित तालिका विभिन्न वर्षों में विभिन्न प्रकार की पानी की बोतलों के उत्पादन (हजारों में) को दर्शाती है।

| पानी की बोतल का प्रकार/वर्ष | 2009 | 2010 | 2011 | 2012 | 2013 |
|---|---|---|---|---|---|
| A | 896 | 636 | 587 | 473 | 576 |
| B | 573 | 753 | 637 | 560 | 884 |
| C | 678 | 287 | 586 | 780 | 986 |

वर्ष 2012 में किस प्रकार की पानी की बोतलों का उत्पादन सर्वाधिक था?

**Ans** A). B    B). B और C, दोनों    C). A    D). C    **Correct Answer: D**

**Q.17** 39 विद्यार्थियों की एक कक्षा की औसत आयु 15 वर्ष है। यदि इसमें शिक्षक की आयु भी शामिल कर ली जाए, तो औसत 3 महीने बढ़ जाता है। शिक्षक की आयु ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 24 वर्ष    B). 25 वर्ष    C). 27 वर्ष    D). 26 वर्ष    **Correct Answer: B**

**Q.18** 200-m लंबे एक वृत्ताकार पथ पर, दो व्यक्ति एक ही बिंदु से एक ही समय पर क्रमश: 12 km/h और 15 km/h की चाल से दौड़ना शुरू करते हैं। यदि वे एक ही दिशा में दौड़ रहे हैं तो कितने समय बाद वे पहली बार दोबारा मिलेंगे?

**Ans** A). 240 सेकंड    B). 180 सेकंड    C). 220 सेकंड    D). 200 सेकंड    **Correct Answer: A**

**Q.19** यदि p, q के समानुपाती (directly proportional) है और q = 6 होने पर p = 7 है, तो q = 21 होने पर p का मान ज्ञात करें।


**Ans** A). 23.5    B). 24.5    C). 24.0    D). 25.0    **Correct Answer: B**

**Q.20** 8, 12, 18, 24 और 36 का ल°स°प° ज्ञात करें।


**Ans** A). 36    B). 64    C). 72    D). 27    **Correct Answer: C**


## Section : **Reasoning Ability and Problem Solving**


**Q.1** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति को चुनिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है और पैटर्न को पूरा कर सकती है।





**Ans**

A). 


B). 


C). 


D). 


**Correct Answer: D**

**Q.2** उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएं ठीक उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार दिए गए समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं।

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(12, 77, 5)
(21, 87, 3)

**Ans** A). (15, 127, 7) B). (12, 197, 3) C). (11, 188, 6) D). (17, 401, 9)

**Correct Answer: A**

---

**Q.3** एक निश्चित कूट भाषा में, 'they are smart' को 'bt mt rt' के रूप में लिखा जाता है और 'she is smart' को 'rt kt st' के रूप में लिखा जाता है। इसी कूट भाषा में 'smart' को कैसे लिखा जाएगा?

**Ans** A). rt B). st C). mt D). kt

**Correct Answer: A**

---

**Q.4** सात व्यक्ति R, S, T, D, E, F और G एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। G, E के दाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। G और R के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। R और T के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। F, D के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। D, T का निकटतम पड़ोसी है। S के बाईं ओर से गिनती करने पर S और T के बीच में कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans** A). दो B). तीन C). चार D). एक

**Correct Answer: D**

---

**Q.5** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी बोंगो, सितार हैं।
कोई झाँझ, सितार नहीं है।

निष्कर्ष:
[1] सभी सितार, बोंगो हैं।
[2] कुछ बोंगो, झाँझ हैं।

**Ans** A). निष्कर्ष [1] और [2] दोनों अनुसरण करते हैं B). न तो निष्कर्ष [1] और न ही [2] अनुसरण करता है C). केवल निष्कर्ष [1] अनुसरण करता है D). केवल निष्कर्ष [2] अनुसरण करता है

**Correct Answer: B**

---

**Q.6** अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

GKS, MQY, SWE, YCK, ?

**Ans** A). EIO B). EQW C). EIQ D). EWR

**Correct Answer: C**

---


**Q.7** एक निश्चित कूट भाषा में, 'JOKE' को 'NIOY' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'TRICKY' को 'XLMWOS' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'SPEAKERS' के लिए क्या कूट होगा?

**Ans** A). WJIUOYVM B). WJIUOYUM C). WJHUOYVM D). WJILOYVM

**Correct Answer: A**

---

**Q.8** दी गई आकृति के उस सही दर्पण प्रतिबिंब को चुनिए, जो नीचे दर्शाए गए अनुसार दर्पण को MN पर रखने पर बनेगा।




**Ans** A).  B).  C).  D). 

**Correct Answer: D**

---

**Q.9** छह व्यक्ति A, B, C, D, E और F एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। E, C के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। A और B दोनों का निकटतम पड़ोसी C है। F, A के दाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है। D के बाएँ से गिनती करने पर D और C के बीच में कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans** A). 4 B). 2 C). 3 D). 1

**Correct Answer: B**

**Q.10** दिए गए समीकरण को सही करने के लिए किन दो चिह्नों को आपस में बदला जाना चाहिए?

**45 − 33 ÷ 3 × 4 + 67 = 22**

**Ans** A). + और × B). − और × C). ÷ और × D). − और +

**Correct Answer: D**

**Q.11** एक निश्चित कूट भाषा में, 253 का अर्थ 'chairs are old' है, 378 का अर्थ 'make good chairs' है और 546 का अर्थ 'lady is old' है। उसी कूट भाषा में निम्नलिखित में से किसका अर्थ 'are' है?

**Ans** A). 5 B). 2 C). 3 D). 4

**Correct Answer: B**

**Q.12** दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**25000, 5000, 1000, 200, 40, ?**

**Ans** A). 20 B). 16 C). 8 D). 12

**Correct Answer: C**

**Q.13** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथन में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्धारित कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा, कथन (कथनों) का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

**कथन: सभी मगरमच्छ, मेंढक हैं। सभी मगरमच्छ, कछुए हैं।**
**निष्कर्ष:**
**(I) सभी कछुए, मेंढक हैं।**
**(II) कम से कम कुछ मेंढक, मगरमच्छ हैं।**

**Ans** A). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। B). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। C). न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। D). निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।

**Correct Answer: A**

**Q.14** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर QFRG एक निश्चित प्रकार से NCVK से संबंधित है। ठीक उसी प्रकार KZZO, HWDS से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, ETHW निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans** A). BPMZ B). BQLA C). APLZ D). CRKB

**Correct Answer: B**

**Q.15** यदि '−' और '×' को आपस में बदल दिया जाए तथा '+' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?
**28 ÷ 18 + 6 × 6 − 4 = ?**

**Ans** A). 9 B). 14 C). 17 D). 7

**Correct Answer: D**

**Q.16** एक निश्चित कूट भाषा में, 'win his heart' को 'mt pq zr' लिखा जाता है और 'you will win' को 'zr ht gc' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'win' को कैसे लिखा जाएगा?

**Ans** A). zr B). ht C). pq D). gc

**Correct Answer: A**


**Q.17** एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 12, 61 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 15, 76 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 16 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)**


**Ans** A). 86 B). 84 C). 88 D). 81


**Correct Answer: D**


**Q.18** उस विकल्प का चयन कीजिए जिसमें दी गई आकृति सन्निहित है (घूर्णन की अनुमति नहीं है)।




**Ans**

A). 


B). 

C). 


D). 


**Correct Answer: A**


**Q.19** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए, जिसे प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।





**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: C**

**Q.20** अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर BEAR एक निश्चित प्रकार से YBXO से संबंधित है। ठीक उसी प्रकार, WATCH, TXQZE से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए LOTUS निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans** A). IKQRP B). IJQQP C). IJRRP D). ILQRP

**Correct Answer: D**

Section : **General Awareness**

**Q.1** निम्नलिखित में से कौन-सा एक आणविक यौगिक है?

**Ans** A). $CO_2$ B). CaO C). $MgSO_4$ D). NaCl

**Correct Answer: A**

**Q.2** निम्नलिखित में से किस देश ने वर्ष 2023 में एसीसी अंडर-19 एशिया कप क्रिकेट (ACC Under-19 Asia Cup cricket) की मेजबानी की?

**Ans** A). पाकिस्तान B). संयुक्त अरब अमीरात (UAE) C). श्रीलंका D). भारत

**Correct Answer: B**

**Q.3** भारत की जनगणना 2011 के अनुसार निम्नलिखित में से किस राज्य में ग्रामीण जनसंख्या का प्रतिशत सबसे अधिक है?

**Ans** A). बिहार B). उत्तर प्रदेश C). असम D). पश्चिम बंगाल

**Correct Answer: A**

**Q.4** जून 2023 में, किस राज्य सरकार ने विविध और नवीन क्षेत्रों में ट्रांसजेंडर समुदाय को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए 'प्राइड (Pride)' नामक परियोजना शुरू की?

**Ans** A). सिक्किम B). राजस्थान C). केरल D). गोवा

**Correct Answer: C**

**Q.5 दिसम्बर 2023 में, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) के कौन-से पूर्व CEO और MD भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बॉम्बे (IIT बॉम्बे) में ट्रांसलेशनल रिसर्च एंड एंटरप्रेन्योरशिप (Translational Research and Entrepreneurship) के प्रमुख के रूप में शामिल हुए?**

Ans A). राजेश गोपीनाथन  B). एफ.सी. कोहली  C). नटराजन चंद्रशेखरन  D). सुब्रमण्यम रामादोराई

Correct Answer: A

**Q.6 मंगलमपल्ली बालामुरलीकृष्ण (Mangalampalli Balamuralikrishna) एक भारतीय कर्नाटक गायक थे, जिनका जन्म किस राज्य के शंकरगुप्तम (Sankaraguptam) गांव में हुआ था?**

Ans A). आंध्र प्रदेश  B). कर्नाटक  C). केरल  D). तमिलनाडु

Correct Answer: A

**Q.7 नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (Comptroller and Auditor General - CAG) के कार्यालय का मुख्य उद्देश्य क्या है?**

Ans A). वित्तीय लेनदेन पर जांच और रिपोर्टिंग  B). कर संग्रहण को विनियमित करना  C). सरकारी नीतियों को लागू करना  D). राष्ट्रीय बजट तैयार करना

Correct Answer: A

**Q.8 निम्नलिखित में से कौन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पहले अध्यक्ष थे?**

Ans A). दादाभाई नौरोजी (Dadabhai Naoroji)  B). जॉर्ज यूल (George Yule)  C). बदरुद्दीन तैयब्जी (Badruddin Tyabji)
D). व्योमेश चंद्र बनर्जी (Womesh Chandra Banerjee)

Correct Answer: D

**Q.9 निम्नलिखित में से असत्य कथन का चयन करें।**

Ans A). भारत में पहली सूती कपड़ा मिल 1854 में बम्बई में स्थापित की गई थी।
B). ब्रिटेन में सूती वस्त्र उद्योग के विकास के कारण भारतीय कपड़ा उत्पादकों का पतन हुआ।
C). दक्षिण भारत के सेल और देवांग (Sale and Devang) समुदाय बुनकरी के लिए प्रसिद्ध थे।
D). इंग्लैंड में बने सूती कपड़ों ने 20वीं सदी की शुरुआत में भारतीय कपड़ों को यूरोप और अमेरिका के बाज़ारों से बाहर कर दिया था।

Correct Answer: D

**Q.10 किसी राज्य के विधानमंडल (Legislature of a State) के सदन के किसी सदस्य के, सदन की अनुमति के बिना, कितनी अवधि तक सभी बैठकों से अनुपस्थित रहने पर, सदन उसकी सीट को रिक्त घोषित कर सकता है?**

Ans A). 30 दिन  B). 60 दिन  C). 180 दिन  D). 90 दिन

Correct Answer: B

**Q.11 निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य/केंद्र शासित प्रदेश भारत के 'अपर्याप्त वर्षा वाले क्षेत्रों' में शामिल है?**

Ans A). लद्दाख  B). अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह  C). हरियाणा  D). मेघालय

Correct Answer: A

**Q.12 'डोलू कुनिथा (Dollu Kunitha)' मुख्य रूप से निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य का लोक नृत्य है?**

Ans A). तमिलनाडु  B). कर्नाटक  C). केरल  D). गोवा

Correct Answer: B

**Q.13 बेकिंग सोडा तैयार करने के लिए निम्नलिखित में से किस कच्चे पदार्थ (raw materials) का उपयोग नहीं किया जाता है?**

Ans A). $NH_3$  B). $H_2O$  C). $Na_2CO_3$  D). NaCl

Correct Answer: C

**Q.14 निम्नलिखित में से कौन-से खाद्य पॉलीसेकेराइड (edible polysaccharides) हैं?**

Ans A). मिथाइल सेसुलोज, साइटिन और एक्टिन (Methyl cellulose, chitin and actin)  B). सेल्युलोज, साइटिन और मायोसिन (Cellulose, chitin and myosin)
C). स्टार्च, एल्जिनेट, पेक्टिन और साइटोसन्स (Starch, alginates, pectins and chitosans)
D). सुक्रोज, ग्लूकोज और सेल्युलोज (Sucrose, glucose and cellulose)

Correct Answer: C

**Q.15 दक्षिण भारतीय मंदिरों में, पिरामिडनुमा मीनार (pyramidal tower) को __________ कहा जाता है।**

Ans A). वाहन  B). मंडप  C). विमान  D). शिखर

Correct Answer: C

**Q.16 सरकार का संसदीय स्वरूप भारतीय संविधान में दी गई एक प्रमुख विशेषता है और इसके प्रावधानों का भाग V (अध्याय II) के अनुच्छेद __________ तक विस्तृत विवरण दिया गया है।**

Ans A). 170 से 203  B). 211 से 236  C). 124 से 168  D). 79 से 122

Correct Answer: D

**Q.17 कोयंबटूर (Coimbatore), जो ________ राज्य में स्थित है, सूती कपड़ा उद्योग के लिए प्रसिद्ध है।**

Ans A). तमिलनाडु  B). केरल  C). कर्नाटक  D). आंध्र प्रदेश

Correct Answer: A

**Q.18 सोलंकी शासकों द्वारा बनवाया गया दिलवाड़ा का प्रसिद्ध जैन मंदिर कहाँ स्थित है?**

Ans A). अजमेर  B). सूरत  C). जयपुर  D). माउंट आबू

Correct Answer: D

**Q.19** ओडिसी नर्तक/नृत्यांगना ____________ को नृत्य श्रेणी में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार 2022 से सम्मानित किया गया।

Ans A). कुमकुम मोहंती (Kumkum Mohanty) B). निरंजन राउत (Niranjan Rout) C). शुभदा वराडकर (Shubhada Varadkar) D). देवी वासु (Debi Vasu)

Correct Answer: B

**Q.20** यूट्रॉफिकेशन (Eutrophication) एक ऐसी स्थिति है जहाँ प्रचुर मात्रा में पोषक तत्वों के कारण जल निकाय की सतह पर शैवाल प्रस्फुटन (algal bloom) की अत्यधिक वृद्धि होती है। यूट्रॉफिकेशन के लिए निम्नलिखित में से कौन-से प्रमुख पोषक तत्व हैं?

Ans A). फास्फोरस और आयरन B). फास्फोरस और नाइट्रोजन C). आयरन और नाइट्रोजन D). नाइट्रोजन और पोटैशियम

Correct Answer: B

**Q.21** भारत में, एक अध्ययन द्वारा प्रलेखित, शिक्षा के किस स्तर पर अधिकांश जनसंख्या बेरोजगार है?

Ans A). प्राथमिक स्कूल B). मैट्रिक C). स्नातक और स्नातकोत्तर D). माध्यमिक स्कूल

Correct Answer: C

**Q.22** 'द हंग्री टाइड (The Hungry Tide)' पुस्तक निम्नलिखित में से किसने लिखी है?

Ans A). मुल्क राज आनंद B). अमिताव घोष C). रस्किन बॉन्ड D). आर.के नारायण

Correct Answer: B

**Q.23** निम्नलिखित में से कौन गौड़ साम्राज्य (Gauda Kingdom) का एक प्रसिद्ध शासक था?

Ans A). ग्रहवर्मन (Grahavarman) B). शशांक (Shashanka) C). राज्यवर्धन (Rajyavardhan) D). रुद्रदमन (Rudradaman)

Correct Answer: B

**Q.24** हम्पी उत्सव एक रंगीन सांस्कृतिक उत्सव है जो निम्नलिखित में से किस साम्राज्य के लोकाचार और भव्यता को प्रतिबिंबित करता है?

Ans A). विजयनगर B). कदंब C). सातवाहन D). चालुक्य

Correct Answer: A

**Q.25** वर्ष 2010 में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी निम्नलिखित में से किस देश ने की थी?

Ans A). इंग्लैंड B). भारत C). कनाडा D). आस्ट्रेलिया

Correct Answer: B

## Section : English Language and Comprehension

**Q.1** Select the option that can be used as a one-word substitute for the highlighted group of words in the given sentence.

We had to study a poem of lamentation, especially for the dead, written by Thomas Gray.

Ans A). an essay B). an account C). a report D). an elegy

Correct Answer: D

**Q.2** Select the option that can be used as a one-word substitute for the highlighted group of words in the given sentence.

The practice of having two or more spouses at the same time was quite common in the olden days.

Ans A). Patricide B). Patriarchy C). Parochialism D). Polygamy

Correct Answer: D

**Q.3** Select the appropriate option to fill in the blank.

I haven't seen him _______ last week.

Ans A). to B). since C). for D). beyond

Correct Answer: B

**Q.4** Select the most appropriate ANTONYM of the given word.

Sloppy

Ans A). Untidy B). Dashing C). Rough D). Humid

Correct Answer: B

**Q.5** Select the most appropriate idiom that can complete the given sentence.

Recent research says that most of our cottage industries lack finance. Thus, they are ____________.

Ans A). under a cloud B). thrown out of gear C). taking somebody for a ride D). worn and torn

Correct Answer: B

**Q.6** Select the correct spelling of the underlined word in the given sentence.

The miracle of resurection is not medically proven.

Ans A). resurrection B). ressurection C). resurrecsion D). ressurrection

Correct Answer: A

**Q.7** Select the most appropriate ANTONYM of the underlined word in the given sentence.

**The mellow tune of the flute soothes me.**

**Ans** A). lyrical B). harsh C). golden D). quiet **Correct Answer: B**

**Q.8** Parts of the following sentence have been given as options. Select the option that contains an error.

**The team with a high motivation level succeeded in its project despite of the challenges it faced.**

**Ans** A). despite of the challenges it faced. B). a high motivation level C). The team with D). succeeded in its project **Correct Answer: A**

**Q.9** The given sentence has an error. Select the option that correctly rectifies the error.

**India is not on war with Pakistan.**

**Ans** A). at Pakistan B). not of C). not at D). for Pakistan **Correct Answer: C**

**Q.10** The following sentence has been divided into four segments. Identify the segment that has a grammatical error.
**He will have to / knuckle up really seriously, / if he wants to / crack the upcoming deal.**

**Ans** A). crack the upcoming deal. B). knuckle up really seriously C). if he wants to D). He will have to **Correct Answer: B**

**Q.11** Select the INCORRECTLY spelt word.

**Ans** A). Anxious B). Affliction C). Apraisal D). Affiliate **Correct Answer: C**

**Q.12** Select the most appropriate meaning of the given idiom.
**'Hold someone's feet to the fire'**

**Ans** A). Take big risks without knowing the consequences B). Insist that someone fulfil their promises or obligations C). Think over a new proposal D). Agree upon a shared venture with full conviction **Correct Answer: B**

**Q.13** Select the most appropriate ANTONYM of the given word.

**Disposed**

**Ans** A). Minded B). Retained C). Detained D). Pretended **Correct Answer: B**

**Q.14** Select the most appropriate option to fill in the blank.

**Some types of ________ suck blood.**

**Ans** A). leach B). leak C). leech D). latch **Correct Answer: C**

**Q.15** Select the most appropriate ANTONYM for the underlined word in the given sentence.

**Such specifications have revived our designers and manufacturers, whereas this new arrangement will free them.**

**Ans** A). senior B). swatted C). restrain D). productive **Correct Answer: C**

**Q.16** Select the option that rectifies the spelling of the underlined word in the given sentence.

**A hospital's hygine is the standard against which cleanliness is measured.**

**Ans** A). higenie B). hygeine C). hygiene D). hygene **Correct Answer: C**

**Q.17** Parts of the following sentence have been given as options. Select the option that contains an error.
**Nagamani, a brave student, lodged a F.I.R. against the criminal.**

**Ans** A). against the criminal B). student, lodged C). a F.I.R. D). Nagamani, a brave **Correct Answer: C**

**Q.18** Select the most appropriate option to fill in the blank.

**Active community involvement ____________ a sense of belonging and contributes to the overall well-being of society.**

**Ans** A). fosters B). collects C). forgets D). fails **Correct Answer: A**

**Q.19** In the following sentence the underlined part contains an error. Alternatives to the underlined part are given as options. Select the correct alternative.
**It is easiest to stay calm than to protest.**

**Ans** A). more easier B). the easier C). easy D). easier **Correct Answer: D**

**Q.20** **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.**

**This boy performed / extremely good / in the / dance competition.**

**Ans** A). extremely good B). This boy performed C). in the D). dance competition

**Correct Answer: A**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Throughout human history, there have been numerous, strange and unexplainable events that have occurred on our (1)______. From mysterious disappearances to bizarre natural phenomena, these (2)_____ continue to captivate our imagination and spark curiosity. On 30 June 1908, a massive explosion (3)______ in the remote Tunguska region of Siberia. The (4)_____ of the explosion is still debated, but it is believed to have been caused by a meteor or comet. Another fascinating phenomenon, the Bermuda Triangle is a region in the western part of the North Atlantic Ocean where ships and planes have mysteriously (5)________.

**SubQuestion No : 21**

**Q.21** **Select the most appropriate option to fill in blank number 1.**

**Ans** A). home B). planet C). country D). neighbourhood

**Correct Answer: B**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Throughout human history, there have been numerous, strange and unexplainable events that have occurred on our (1)______. From mysterious disappearances to bizarre natural phenomena, these (2)_____ continue to captivate our imagination and spark curiosity. On 30 June 1908, a massive explosion (3)______ in the remote Tunguska region of Siberia. The (4)_____ of the explosion is still debated, but it is believed to have been caused by a meteor or comet. Another fascinating phenomenon, the Bermuda Triangle is a region in the western part of the North Atlantic Ocean where ships and planes have mysteriously (5)________.

**SubQuestion No : 22**

**Q.22** **Select the most appropriate option to fill in blank number 2.**

**Ans** A). changes B). adventures C). advent D). events

**Correct Answer: D**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Throughout human history, there have been numerous, strange and unexplainable events that have occurred on our (1)______. From mysterious disappearances to bizarre natural phenomena, these (2)_____ continue to captivate our imagination and spark curiosity. On 30 June 1908, a massive explosion (3)______ in the remote Tunguska region of Siberia. The (4)_____ of the explosion is still debated, but it is believed to have been caused by a meteor or comet. Another fascinating phenomenon, the Bermuda Triangle is a region in the western part of the North Atlantic Ocean where ships and planes have mysteriously (5)________.

**SubQuestion No : 23**

**Q.23** **Select the most appropriate option to fill in blank number 3.**

**Ans** A). appeared B). took place C). came about D). conspired

**Correct Answer: B**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Throughout human history, there have been numerous, strange and unexplainable events that have occurred on our (1)______. From mysterious disappearances to bizarre natural phenomena, these (2)_____ continue to captivate our imagination and spark curiosity. On 30 June 1908, a massive explosion (3)______ in the remote Tunguska region of Siberia. The (4)_____ of the explosion is still debated, but it is believed to have been caused by a meteor or comet. Another fascinating phenomenon, the Bermuda Triangle is a region in the western part of the North Atlantic Ocean where ships and planes have mysteriously (5)________.

**SubQuestion No : 24**

**Q.24** **Select the most appropriate option to fill in blank number 4.**

**Ans** A). cause B). beginning C). commencement D). stages

**Correct Answer: A**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Throughout human history, there have been numerous, strange and unexplainable events that have occurred on our (1)______. From mysterious disappearances to bizarre natural phenomena, these (2)_____ continue to captivate our imagination and spark curiosity. On 30 June 1908, a massive explosion (3)______ in the remote Tunguska region of Siberia. The (4)_____ of the explosion is still debated, but it is believed to have been caused by a meteor or comet. Another fascinating phenomenon, the Bermuda Triangle is a region in the western part of the North Atlantic Ocean where ships and planes have mysteriously (5)________.

**SubQuestion No : 25**

**Q.25** **Select the most appropriate option to fill in blank number 5.**

**Ans** A). invisible B). disappeared C). besotted D). concealed

**Correct Answer: B**